# साइलोजिस्ट रामाधार सिंह ने छात्रों को किया प्रेरित

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

- विश्व प्रसिद्ध सोशल साइकोलोजिस्ट प्रो. सिंह ने यूपीईएस में छात्रों को रिसर्च के लिए किया प्रेरित
- युवा छात्रों के लिए चार दिवसीय रिफ्रेशर प्रोग्राम का आयोजन

विश्व प्रसिद्ध सोशल साइकोलोजिस्ट प्रो. रामाधार सिंह ने यूपीईएस में छात्रों को शीर्ष स्तर के रिसर्च को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। प्रो. सिंह ने युवा छात्रों के लिए चार दिवसीय रिफ्रेशर प्रोग्राम का आयोजन किया। जिसमें रिसर्च के बुनियारी पहलुओं पर प्रकाश डालने के साथ ही व्यक्तियों दृ समूहों से जुड़ी रिसर्च प्रक्रियाओं पर चर्चा की।

प्रो. रामाधार संयुक्त राज्य अमेरिका में सोसाइटी फॉर पर्सनैलिटी एंड सोशल साइकोलॉजी (एसपीएसपी) की यूएस हेरिटेज वॉल ऑफ फेम पर प्रदर्शित होने वाले पहले भारतीय सोशल साइकोलोजिस्ट हैं। उनके रिसर्च एनालिसिस प्रमुख इंटरनेशनल साइकोलॉजी पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए हैं। निरंतर सीखने और इनोवेशन की विशेषता वाले एक स्थायी अनुसंधान वातावरण को पोषित करने के यूपीईएस के दृष्टिकोण के अनुरूप प्रोफेसर सिंह का प्रत्येक व्याख्यान अनुसंधान और प्रकाशन के विभिन्न पहलुओं के लिए समर्पित था। उन्होंने विश्वविद्यालय के छात्रों के लिए अनुसंधान का मार्गदर्शन करने और प्रकाशन के लिए पांडुलिपि तैयारी की बारीकियों को समझने में मूल्यवान अंर्तदृष्टि भी साझा की। प्रो. सिंह ने एक विचार की शुरुआत से लेकर उसके अंतिम प्रकाशन तक रिसर्च के क्षेत्र को कुशलतापूर्वक संचालित किया, जिससे सभी प्रतिभागियों के लिए एक ज्ञानवर्धक यात्रा बन गई।उनके व्याख्यानों ने छात्रों पर एक अमिट छाप छोड़ी, जिससे न केवल अकादमिक बल्कि जीवन की सीख भी मिली।

इस कार्यशाला के माध्यम से यूपीईएस स्कूल ऑफ लिबरल स्टडीज ने अपने छात्रों और शिक्षकों को वर्ल्ड क्लास शिक्षण अनुभव और शिक्षा जगत के लगातार विकसित हो रहे क्षेत्र में ऊंचाइयां प्राप्त करने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करने की अपनी कमिटमेंट प्रदर्शित की।